मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-308
08/05/2023

# मणिपुर से बिहारी छात्रों की सकुशल वापसी को लेकर मुख्यमंत्री गंभीर, इंडिगो के विमान से छात्रों को कल सुबह वापस लाया जायेगा पटना

पटना, 08 मई 2023 :– मणिपुर में पढ़ाई कर रहे बिहारी छात्रों की सुरक्षा को लेकर मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार चिंतित हैं। मुख्यमंत्री ने वहॉ रह रहे छात्रों की सम्पूर्ण सुरक्षा एवं उनकी सकुशल वापसी के लिये पूरे इंतजाम करने के निर्देश दिये हैं। मुख्यमंत्री ने स्थानिक आयुक्त, नई दिल्ली को निर्देश दिया है कि मणिपुर में फंसे बिहारी छात्रों को सकुशल बिहार वापस लाने की समुचित व्यवस्था की जाय।

मुख्यमंत्री के निर्देश पर मणिपुर के अलग–अलग शैक्षणिक संस्थानों में पढ़ रहे बिहार के छात्रों को बसों के जरिये पहले इम्फाल एयरपोर्ट लाया जायेगा। उसके बाद इम्फाल एयरपोर्ट से कल सुबह 6 बजे इंडिगो विमान के जरिये छात्रों को पटना लाया जायेगा।

******